हाफ मैराथन का आयोजन

दिनांक: 12.10.2023

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त सिंधु परिसर देहरा में उन्नत भारत अभियान और समाज कार्य विभाग एवं आवास व शहरी मामले राज्य मंत्री भारत सरकार के सौजन्य से नशा मुक्ति हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में लगभग दो सौ से अधिक विद्यार्थियों और शोधार्थियों के साथ-साथ संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया ।कार्यक्रम में आवास एवं शहरी मामले राज्य मंत्री भारत सरकार कौशल किशोर ने ऑनलाइन माध्यम से बतौर मुख्य अतिथि सभी को संबोधित किया। वहीं इस कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे ।नशा मुक्त हॉफ़ मैराथन में, बीएफए 7वें सेमेस्टर के श्रवण कुमार ने पुरुष प्रतिभागियों में पहला स्थान हासिल किया, उनके बाद अमित कुमार रहे। महिला वर्ग में, अंजलि प्रसाद (एमएसडब्ल्यू तीसरा सेमेस्टर) और अंजलि चौहान (तीसरा सेमेस्टर एमए हिस्ट्री) ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल करके अपने एथलेटिक कौशल का प्रदर्शन किया। संकाय सदस्यों में डॉ. वेद पालीवाल ने अपने सहकर्मियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।